# बगैर अनुमति शहर में मांस-मछली बेच रहीं 13 अवैध दुकानें सील

## एसडीएम के नेतृत्व में नगर निगम अमले ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 7 अक्टूबर. शहर में जगह-जगह अवैध तौर पर संचालित मांस-मछली की दुकानों को लेकर उठते विरोध के बीच मंगलवार को प्रशासन और नगर निगम द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई. इस दौरान एसडीएम के नेतृत्व में नगर निगम अमले द्वारा शहर के खूंथी, राजेंद्र नगर और धवारी क्षेत्र में संचालित 13 अवैध दुकानों को सील कर दिया गया.**

शहर के खूंथी क्षेत्र में अवैध तौर पर संचालित मांस-मछली की दुकानों को लेकर विहिप बजरंग दल द्वारा पिछले दिनों व्यापक विरोध प्रदर्शन किया गया था. मामले की गंभीरता के मद्देनजर प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए वहां पर संचालित अवैध दुकानों को बंद करा दिया गया था. कार्रवाई के साथ-साथ दुकान संचालकों को इस बात की सख्त चेतावनी भी दी गई थी कि मांस-मछली की दुकानें केवल नगर निगम द्वारा बनाई गई मांस-मछली मार्केट में ही संचालित होंगी, इसके अलावा कहीं और नहीं. इसी दौरान शारदेय नवरात्र आरंभ हो गए. जिसकी वजह से वहां पर मौजूद मांस-मछली की सभी दुकानें बंद रहीं. लेकिन नवरात्र समाप्त होने के बाद एक बार फिर से उक्त क्षेत्र में एक बार फिर से मांस-मछली की अवैध दुकानों का खुलेआम संचालन आरंभ हो गया. जिसे देखते हुए मंगलवार को एसडीएम राहुल सिलाड़िया के नेतृत्व में नगर निगम अमला शहर के खूंथी, राजेंद्र नगर और धवारी क्षेत्र में कार्रवाई करने के लिए पहुंच गया. इस दौरान 13 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई.





### इन दुकानों पर हुई कार्रवाई

अवैध तौर पर मांस-मछली बेचते पाए जाने पर खूंथी क्षेत्र में मोहम्मद ताजिर, हफीज, एकेशाम, मोहम्मद युसुफ, राहुल रैकवार और चेतक चिकन कार्नर की दुकानों को सील कर दिया गया. इसी कड़ी में धवारी क्षेत्र में राहुल रैकवार, स्टेडियम गली ननं. 4 में मोहम्मद शमीद और मोहम्मद शमीद पिता शमीर जान की दुकान सील की गई. इसके साथ ही रेलवे रोड राजेंद्र नगर क्षेत्र में नरेंद्र बाल्मीक, छोटू पिता शेख मोहम्मद, राजेंद्र नगर गली नं. 3 के सामने अतीफ रहमान और अनीश खान की दुकानों को सील कर दिया गया.

# सोहागी में ट्रक पलटा, एक की मौत

▸ ट्रक में नारियल लोड था, 4 घायलों को भर्ती कराया



नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, सोहागी थाना अन्तर्गत बीती रात नारियल लेकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें चालक की मौत हो गई.**

बगल से जा रही कार भी चपेट में आ गई, जिसमें सवार चार लोग घायल हो गये. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलो को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया. सोहागी पहाड़ में यह कोई पहली घटना नही है, इसके पहले भी कई बार यहा दुर्घटना हो चुकी है. मौत की घाटी सोहागी बन चुकी है. कमिश्नर, आईजी से लेकर तमाम अधिकारियों ने सोहागी पहाड़ का निरीक्षण किया और दुर्घटना वाले स्थान को भी चिन्हित किया. बावजूद इसके हादसा नही रूक रहा है. रीवा की तरफ से नारियल लेकर ट्रक प्रयागराज की तरफ जा रहा था. अचानक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और चालक की मौत हो गई. तमाम प्रयास के बावजूद भी प्रशासन आज तक हादसे की असल वजह को नही पता कर पा रहा. जबकि पीडब्ल्यूडी, एमपीआरडीसी सहित एनएचआई के अधिकारी भी सड़क का निरीक्षण कर चुके है.

# बुजुर्ग लगा रहा चौकी एवं एसपी दफ्तर का चक्कर

## 16 दिनों बाद भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर, जान से मारने की मिल रही धमकी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अक्टूबर। बंधौरा पुलिस चौकी क्षेत्र के नगवां गांव निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति पर हुये हमले के एक पखवाड़े के बाद भी पुलिस अपराध दर्ज करने में ना नूकूर कर रही है। पीड़ित ने एसपी के यहां आवेदन देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।**

दरअसल नगवा गांव के 66 साल के एक बुजुर्ग की 16 दिन से शिकायत पत्र देने के बाद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। जबकि दबंगों ने बुजुर्ग दंपत्ति के साथ पारपीट भी किया, जिसमें महिला को अंदरूनी चोटें भी आई हैं। हालांकि यह विवाद राजस्व से जुड़ा है और राजस्व के मामलों में कई बार जिले में हत्या जैसी गंभीर घटनाएं भी हो चुकी है। बावजूद इसके चौकी प्रभारी बुजुर्ग के शिकायत पत्र को लेकर गंभीर नहीं हैं। यदि इस मामले में भी कोई बड़ी वारदात हो जाएं तो जिम्मेदार कौन होगा। बता दें कि बंधौरा चौकी अंतर्गत ग्राम नगवा में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपत्ति अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए 16 दिन से चौकी सहित अधिकारियों के दफ्तरों का चक्कर काट रहा है। चौकी प्रभारी एक सत्ताधारी नेता और नगवा सरपंच के प्रभाव में आकर बुजुर्ग की एफआईआर तक दर्ज नहीं किया है। अब बुजुर्ग न्याय के लिए अधिकारियों के दफ्तरों का चक्कर लगा रहा हैं। बता दें कि पीड़ित मेवालाल यादव पिता स्व. रामरूप यादव उम्र 66 वर्ष, निवासी ग्राम नगवा, चौकी बंधौरा की रहने वाली है।



### बुजुर्ग के शिकायत पत्र में हुई छेड़छाड़

मेवालाल यादव के अनुसार घटना 18 सितंबर की रात की है। उनके पड़ोसी मुटुकलाल गुप्ता पिता स्व. देवमुरत गुप्ता के मवेशी उनकी मक्का की फसल को खा लिया। पीड़ित ने बताया कि उनकी पत्नी पर उनके ही पड़ोसी द्वारा जानलेवा हमला किया गया। जिसमें डॉक्टर ने आरबी सिंह को दिखाने पर उन्होंने अंदरूनी चोट आने की बात कही है। बावजूद इसके स्थानीय चौकी पुलिस ने एफआईआर लिखने से इंकार कर दिया। वही पीड़ित के शिकायती दिए शिकायती पत्र में जान से मारने की धमकी देने की बात लिखी गई हैं।

# आधा दर्जन पिकअप वाहनों से 33 लाख की 36 भैंसे बरामद

## जियावन पुलिस ने 36 भैंसों को कटने से बचाया, आरोपी वाहन चालक छोड़कर भागे

नवभारत न्यूज

**देवसर 7 अक्टूबर। जियावन पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान ग्राम उमरहर-लोहरा बांध के समीप दबिश देते हुये आधा दर्जन पीकअप वाहनों से 36 भैंस जिनकी कीमत करीब 33 लाख रूपये है। उन्हें बरामद करते हुये पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार वाहन चालक एवं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**

जियावन थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह ने उक्त कार्रवाई एसपी मनीष खत्री एवं एसडीओपी गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में किया है। इस संबंध में जियावन थाना टीआई डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार एवं मंगलवार की रात पुलिस गस्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि पीकअप वाहनों से भैंसों का परिवहन किया जा रहा है और वाहनों में निर्दयता पूर्वक भैंसो को भरकर ले जाया जा रहा है। इसकी सूचना वरिष्ट पुलिस अधिकारियों को दी गई। जहां पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम उमरहर-लोहरा बांध में दबिश दी गई, इस दौरान छः पीकवाहन क्रमांक एमपी 66 जेडएफ 3805, एमपी 66 जेडबी 1496, एमपी 66 जेडसी 2419, एमपी 66 जेडजी 6097, एमपी 66 जेडबी 0984, एमपी 66 जेडएफ 4782 की तलाशी ली गई। जिसमें कुल 36 भैंसे बरामद की गई। बाजार में भैसों की कीमत करीब 33 लाख रूपये हैं। उन्होंने आगे बताया कि सभी पीकअप वाहन को छोड़कर सभी चालक आरोपी फरार हो गये। उक्त भैंसो को पीकअप वाहनों के साथ थाना लाया गया, जहां अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 11 पशु क्रुरता अधिनियम 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर फरार अज्ञात आरोपियों की तलाश एवं विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिह, उनि यज्ञलाल वर्मा सउनि तेजबहादुर सिंह, नरेन्द्र सिंह, प्रआर आशीष द्विवेदी, उमेश रावत, आर दिनेश कुमार, खुम सिंह, रूपेश अलावा आर सौरभ कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# चोरी की बैट्री के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, अमहिया पुलिस ने चोरी के आरोपियों गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. चोरो ने घर के अंदर रखी बैट्री चोरी करने के बाद फरार हो गये थे. जिसकी शिकायत 6 अक्टूबर को थाने में दर्ज कराई गई थी. मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया.**

थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपीगण गौरव सिंह पटेल उर्फ प्रिंस पिता नागेंद्र सिंह पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बेला पोस्ट छिबौरा थाना रामपुर बघेलान जिला सतना हाल ढेकहा एवं विजय सेन उर्फ बिज्जू पिता स्व. पुरुषोत्तमदास सेन उम्र 22 वर्ष निवासी ढेकहा विद्या मंदिर स्कूल के पीछे रीवा थाना सिविल लाईन को चोरी गई बैट्री सहित अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई. जिसके द्वारा सिविल लाईन कालोनी स्थित एक कमरे के अंदर घुस कर इनवर्टर की बैट्री चोरी करना स्वीकार किया. दोनो आरोपियों के कब्जे से प्रकरण मे चोरी गई बैट्री को जप्त कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया.



### शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रीवा, 7 अक्टूबर,** सेमरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब का कारोबार करने वाले आरोपी को शराब के साथ गिरफ्तार किया है. सेमरिया पुलिस को एक व्यक्ति मोटर साइकल से आता दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा. जिसे घेराबंदी कर पकडा गया एवं उसका नाम पता पूँछा गया तो अपना नाम रोहित सिंह पिता रामाधार सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ थाना सेमरिया का होना बताया. आरोपी से कुल 04 खाकी कार्टून मे 298 शीशी गोवा व्हिस्की शराब बरामद की गई.

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा 9 से 13 अक्टूबर तक

नवभारत न्यूज

**सतना 7 अक्टूबर मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के तथा जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक के पदों हेतु भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक सतना जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जायेगी।**

इनमें परीक्षा केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना, आदित्य कॉलेज ऑफ टेक्नोलाजी एण्ड साइंस सतना एवं आदित्य कालेज आफ मैनेजमेंट सतना में 2 पालियों में आयोजित होगी। आनलाईन परीक्षा प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से प्रातः 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्रों पर रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से 9.30 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक नियत किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए उडनदस्ता दल गठित किया है।

उन्होंने परीक्षा के लिए अपर कलेक्टर विकास कुमार सिंह को सहायक समन्वयक, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा को परीक्षा प्रभारी, डीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह को सुरक्षा समन्वयक, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे को प्रशासनिक आब्जर्वर, नायब तहसीलदार राजेश कुमार सिंह को प्रशासनिक आब्जर्वर, तहसीलदार रघुराजनगर सौरभ मिश्रा को प्रशासनिक आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार शिवांगी एवं मनोहर इंजीनियर को आब्जर्वर तकनीकी, यादवेन्द्र सिंह एवं बृजकिशोर पटेल को आब्जर्वर तकनीकी, अनूप सिंह एवं शारदा सोनी को आब्जर्वर तकनीकी, दयाराम वर्मा को शाखा प्रभारी, आकाश यादव को पेपर जमा हेतु, सचिन विश्वकर्मा को आपरेटर तथा रोशन वर्मन को भृत्य बनाया गया है।



# एसडीएम ने की मेडिकल स्टोर में कफ सिरप की आकस्मिक जांच-पड़ताल

## अचानक जांच की कार्रवाई से हड़कम्प

नवभारत न्यूज

**सीधी, 7 अक्टूबर. कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला ने अपनी टीम के साथ मिलकर जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोरों का आकस्मिक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान टीम ने सिटी मेडिकल, अभिषेक मेडिकल, रामा मेडिकल, श्री श्याम मेडिकल, राजपूत मेडिकल और मनोज मेडिकल दुकानों में रखी कफ सिरप और अन्य दवाओं की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण में यह पाया गया कि सभी दुकानों में रखी दवाओं की गुणवत्ता मानक के अनुसार थी और कोई भी दवा अमानक नहीं पाई गई।उपखण्ड अधिकारी राकेश शुक्ला ने कहा कि यह निरीक्षण जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मेडिकल स्टोर्स में दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर पर लगातार निगरानी की जाएगी और यदि किसी भी दुकान में प्रतिबंधित दवाएं, अमानक दवाएं या एक्सपायरी डेट पार कर चुकी दवाएं पाई जाती हैं, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे केवल प्रमाणित और लाइसेंसधारी स्टोर्स से ही दवा खरीदें और दवा का सही उपयोग सुनिश्चित करें। इस तरह की नियमित जांच से जिले में दवा सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# चोरी के दो आरोपी माल के साथ गिरफ्तार

## सिविल लाइन पुलिस ने फरार दो आरोपियों की तलाश तेज की

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अक्टूबर, सिविल लाइन पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई स्कूटी सहित अन्य सामान बरामद किया है. पकड़े गये दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया. वही मामले में दो आरोपी फरार है, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है.**

05 अक्टूबर को फरियादी अजीत कुमार पिता कपिल देव प्रसाद निवासी शांति विहार कॉलोनी थाना सिविल लाइन के द्वारा यह रिपोर्ट की गई कि शांति विहार कॉलोनी स्थित उनके किराए के मकान में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर का ताला तोड़कर एक नई स्कूटी दो टेलीविजन तथा अन्य सामान चोरी कर ले गया हैं. रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया. विवेचना के दौरान संदेही नीलम सिंह पति प्रदुम सिंह उम्र 24 साल निवासी ग्राम असरार थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना एवं तूफान सिंह पिता छत्रपति सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी जेपी नगर नौबस्ता थाना चोरहटा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने अन्य साथी प्रदुम सिंह व राजवीर साकेत के साथ मिलकर उपरोक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया. आरोपी नीलम सिंह व तूफान सिंह की निशानदेही पर चोरी की स्कूटी व अन्य सामान बरामद हुआ है.

# सीईटीआई के पास ट्रेन से कटकर युवक की गई जान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 7 अक्टूबर। सोमवार एवं मंगलवार की दरमियानी रात मोरवा स्थित सीईटीआई समीप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।**

कयास लगाए जा रहे हैं की युवक की मौत देर रात गुजरी किसी ट्रेन से कटकर हुई है। सूचना मिलने पर मोरवा पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे शवगृह में रखवा दिया है। वहीं मालमे की जांच में जुट गई है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि युवक आसपास के ही किसी गांव का होगा। इस संदर्भ में मोरवा पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी को भी व्यक्ति की पहचान है तो वह मोरवा थाने में इसकी सूचना दे।

# नानाजी के ग्रामीण विकास का मंत्र हर हाथ को काम, हर खेत को पानी

## सर्वोदय से अभ्युदय के लक्ष्य पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुई मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर

नवभारत न्यूज

**सतना/चित्रकूट, 7 अक्टूबर. सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर पाँचवाँ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन चित्रकूट में आयोजित किया गया। यह सम्मेलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन से प्रेरित मूल विषयवस्तु को आगे बढ़ाते हुए -ग्रामोदय से सर्वोदय की भावना के साथ; और अब सर्वोदय से अभ्युदय की ओर अग्रसर रहा।**

संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्य %एसडीजी 6सभी के लिए जल एवं स्वच्छता की उपलब्धता और टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना और एसडीजी 8 सभी के लिए सतत, समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास, पूर्ण और उत्पादक रोजगार और सभ्य कार्य को बढ़ावा देना .एसडीजी 6 पर आयोजित तकनीकी सत्रों में जल विशेषज्ञों ने बताया कि समुदाय के साथ मिलकर पानी का नियोजन करना होगा। हर किसी को ऐसा सोचना होगा कि वह जितना पानी उपयोग करते हैं उतना पानी उसे बचाना भी है। अर्थात वर्षा जल संग्रहण के बारे में सोचना होगा। आचार्य मंदिर के पूज्य बद्री प्रपन्नाचार्य ने कहा कि जल है तो कल है, जल से ही जीवन है। पानी से ही जीवन की उत्पत्ति है और जल से ही जीवन समाप्त होता है। प्रकृति में जल तत्व सर्वाधिक महत्वपूर्ण है इसका संरक्षण एवं संवर्धन हम सभी की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। एसडीजी 8 सतत, समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास पर आयोजित तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने बताया कि कोई कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है हम सभी अपना अपना कार्य ईमानदारी से करें तो ज्यादा उत्पादन कर सकते हैं। देश तभी विकास करेगा जब हम देश के लिए कार्य करेंगे। सभी के लिए सतत समावेशी आर्थिक विकास और पूर्ण लाभकारी रोजगार तथा उचित कार्य को बढ़ावा देना होगा।

सम्मेलन के समापन समारोह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ संजय पासवान ने कहा कि सर्वोदय, अभ्युदय, अंत्योदय और ग्रामोदय से पुनरोदय होगा और दुनिया को भारत दिशा देने का काम करेगा। मध्य प्रदेश की मंत्री डॉ कृष्णा गौर ने कहा कि आज के समय का सबसे ज्वलंत विषय कोई है तो वह है आने वाली पीढ़ी को एक सुरक्षित भविष्य कैसे दिया जाए, इसके लिए पूरी दुनिया भी भारत की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। विकास हो लेकिन पर्यावरण के साथ हो, हमारी परंपराओं के साथ हो और हमारे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो। इस प्रकार की कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों के द्वारा जो विचार और निष्कर्ष निकलकर आते हैं वह संजीवनी का कार्य करते हैं। संचालन कर रहे दीनदयाल शोध संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ वशिष्ठ ने कहा कि एसडीजी का यह पांचवा सम्मेलन है। हमें इसे जमीनी स्तर पर प्रमाणित करना है। दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले ने कहा कि राष्ट्र ऋषि नाना जी ने राजनीति से सन्यास लेकर जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए पंडित दीनदयाल जी के एकात्म मानव दर्शन का जो सपना पूरा किया है सतत विकास के माध्यम से हमें उसी को आगे बढ़ाना है।सत्र के अंत में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव श अभय महाजन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि नाना जी की प्रेरणा से उन्हीं की भावनाओं के अनुरूप जनता की पहल और पुरुषार्थ के अनुपम उदाहरण के तौर पर इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।





### स्वच्छता हमारे संस्कारों में शामिल : पुष्पमित्र

इन्दौर के महापौर डॉ पुष्पमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता अब हमारा संस्कारों में शामिल हो गई है। हमने सफाई में अष्ठसिद्धि प्राप्त की। देश के मानचित्र पर इंदौर की स्वच्छता यात्रा सिर्फ एक प्रशासनिक प्रयास नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी से मिली बड़ी सफलता है। हम स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ, सफाईकर्मियों का सम्मान करें।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99